# वार्षिक प्रतिवेदन

सत्र : 2018–19

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय हरिपुर (मनाली)

ज़िला कुल्लू, हिमाचल प्रदेश।

दिनांक:19.03.2019

12वां

पारितोषिक वितरण समारोह

माननीय मुख्यातिथि

डॉ0 प्रमोद चौहान

संयुक्त निदेशक, शिक्षा विभाग (हि0प्र0)

की अध्यक्षता में

प्रस्तुति

डॉ0 बिपन चंद राठौर

प्राचार्य

परम श्रद्धेय डॉ0 प्रमोद चौहान जी, संयुक्त निर्देशक उच्च शिक्षा विभाग हि0 प्र0, छात्र अभिभावक संघ, अध्यक्ष श्री पूरन चंद ठाकुर जी एवं अन्य सदस्यगण, पूर्व प्राचार्य, उपस्थित अतिथिगण, प्राध्यापक वर्ग, केन्द्रीय छात्र परिषद् के प्रधान एवं अन्य सदस्यगण व सभी पत्रकार प्रतिकृतिकार बन्धु एवं उपस्थित बुद्धि जीवी वर्ग एवं छात्र साथियो

आज मैं राजकीय म0वि0 हरिपुर के 12वें पुरस्कार समारोह के गर्व और गौरवमय सुअवसर पर समस्त महाविद्यालय  की ओर से आप का दिल की गहराइयों से स्वागत और अभिनंदन करता हूं। यह हमारे लिए हर्ष का विषय है कि माननीय संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा विभाग जी मुख्यातिथि के रूप में हमारे बीच में वर्तमान हैं।

महोदय, छात्र जीवन के लिए आज का यह विशिष्ट दिन अत्यन्त महत्वपूर्ण होता है। वर्ष भर की विभिन्न गतिविधियों में जो भी छात्र उपब्धियां हासिल करते हैं वे कड़ी मेहनत के बाद पुरस्कारों के रूप में साकार होती है। मुझे उम्मीद है कि आपके कर कमलों द्वारा पुरस्कार प्राप्त कर गर्व महसूस करेंगे।

महोदय, आपकी अनुमति से मैं प्राचार्य, रा0म0वि0 हरिपुर डॉ0 बिपन चंद राठौर सत्र 2018–19 के दौरान महाविद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक (Co-Curricular) व अन्य गतिविधियों को संक्षेप में आपके समक्ष रखने जा रहा हूं।

**नामांकन** : वर्ष 2018–19 में विद्यार्थियों की कुल संख्या 800 है जिसका विस्तृत विवरण तालिका में दिया गया है।

| संकाय | कक्षा | सामान्य वर्ग | | | अनुसूचित जाति | | | अनुसूचित जनजाति | | | ओ.बी.सी. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल |
| कला | बी.ए.प्रथम बर्ष | 68 | 72 | 140 | 16 | 17 | 33 | 14 | 05 | 19 | 00 | 04 | 04 |
| | बी.ए.तृतीय सत्र | 30 | 51 | 81 | 10 | 08 | 18 | 08 | 07 | 15 | 03 | 04 | 07 |
| | बी.ए.पांचवा सत्र | 26 | 63 | 89 | 8 | 14 | 22 | 04 | 04 | 08 | 01 | 02 | 03 |
| | **कुल** | **124** | **186** | **310** | **34** | **39** | **73** | **26** | **18** | **44** | **04** | **10** | **14** |
| वाणिज्य | बी.कॉम.प्रथम बर्ष | 30 | 23 | 53 | 06 | 08 | 14 | 05 | 03 | 08 | 02 | 02 | 04 |
| | बी.कॉम.तृतीय सत्र | 25 | 22 | 47 | 04 | 03 | 07 | 04 | 01 | 05 | 01 | 01 | 02 |
| | बी.कॉम.पांचवा सत्र | 20 | 15 | 35 | 05 | 04 | 09 | 01 | 04 | 05 | 00 | 00 | 00 |
| | **कुल** | **75** | **60** | **135** | **15** | **15** | **30** | **10** | **08** | **18** | **03** | **03** | **06** |
| विज्ञान | बी.एस.सी.प्रथम सत्र | 18 | 33 | 51 | 02 | 03 | 05 | 05 | 00 | 05 | 00 | 00 | 00 |
| | बी.एस.सी.तृतीय सत्र | 13 | 27 | 40 | 03 | 03 | 06 | 07 | 09 | 16 | 01 | 00 | 01 |
| | बी.एस.सी.पंचम सत्र | 18 | 19 | 37 | 00 | 01 | 01 | 04 | 03 | 07 | 01 | 00 | 01 |
| | **कुल** | **49** | **79** | **128** | **05** | **07** | **12** | **16** | **12** | **28** | **02** | **00** | **02** |
| | **कुल योग** | **248** | **325** | **573** | **54** | **61** | **115** | **52** | **38** | **90** | **09** | **13** | **22** |

## वार्षिक परीक्षा परिणाम

'राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान' के चलते अब परिणामों का तरीका पहले की व्यवस्था से एकदम बदल गया है। 'ग्रेडिंग सिस्टम' के कारण अब परिणाम C.G.P.A. पर आधारित है। विषयवार परिणाम तैयार किए गए हैं जिसके अन्तर्गत यह तालिका उन विद्यार्थियों के परिणामों पर आधारित है जिनके परिणाम घोषित हुए है।

**विषयवार परिणाम तालिका :–बी.ए./बी.एस.सी/बी.कॉम तृतीय वर्ष**

| कमांक | विषय (मेजर) | कुल छात्र | उतीर्ण छात्र | महाविद्यालय प्रतिशतता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंग्रेज़ी | 00 | 00 | 00 |
| 2 | हिन्दी | 37 | 37 | 100 |
| 3 | अर्थशास्त्र | 16 | 16 | 100 |
| 4 | राजनीतिशास्त्र | 26 | 26 | 100 |
| 5 | गणित | 23 | 23 | 100 |
| 6 | इतिहास | 22 | 22 | 100 |
| 7 | समाजशास्त्र | 04 | 04 | 100 |
| 8 | संगीत | 04 | 04 | 100 |
| 9 | भूगोल | 23 | 23 | 100 |
| 10 | लोक प्रशासन | 00 | 00 | 00 |
| 11 | संस्कृत | 00 | 00 | 00 |
| 12 | भौतिक विज्ञान | 26 | 26 | 100 |
| 13 | रसायन विज्ञान | 10 | 10 | 100 |
| 14 | जीव विज्ञान | 14 | 14 | 100 |
| 15 | वनस्पति विज्ञान | 14 | 14 | 100 |
| 16 | वाणिज्य | 52 | 52 | 100 |

## केन्द्रीय छात्र परिषद् :

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय प्रति वर्ष 'केन्द्रीय छात्र–परिषद्' के चुनाव आयोजित करता है। हरिपुर महाविद्यालय में 2018–19 के लिए 19 सितम्बर, 2018 को छात्र परिषद् का गठन किया गया जिसका विवरण इस प्रकार है।

## कार्यकारिणी के सदस्य :

| | | | |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | –राहुल | सचिव | –रमिता |
| उपाध्यक्ष | – अंशुमन उपाध्याय | सह सचिव | –मल्लिका |

## मनोनीत सदस्य :–

1. वीना देवी
2. पेमेल साहनी
3. राधा देवी
4. सिमरन वर्मा
5. निताशा
6. भावना भारती
7. अंकित कुमार
8. मोनार्क
9. रूबीना
10. ओम प्रकाश
11. टीना भारद्वाज
12. श्रुति
13. अनिल
14. हेमलता
15. जय प्रकाश
16. ऋषभ सोनी
17. रूप चंद

## छात्रवृतियां :

वित्त वर्ष 2017–18/2018–19 के अन्तर्गत अलग–अलग योजनाओं के तहत विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों को छात्रवृतियां प्रदान की गई।

अनुसूचित जाति के अन्तर्गत – छात्रों व छात्राओं, अनुसूचित जनजाति के छात्रों अन्य पिछड़ा वर्ग की छात्राओं व आई.आर.डी.पी. के छात्र व छात्राओं को डायरेक्ट ट्रांसफर स्कीम के तहत निर्धारित धनराशि लाभार्थियों के बैंक खाता में सीधी डाली गईं।

## बजट

| बजट | वेतन | टी.ई. | ओ.ई. | एम.आर. | दैनिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|
| बजट | 27100000 | – | 50000 | 43404 | 75000 |
| खर्चा | 24532954 | – | 50000 | 26237 | 68850 |
| बकाया | 2567046 | – | – | 17167 | 6150 |

## निर्माण कार्य

महोदय, निर्माण को लेकर अब भी कुछ कार्य लम्बित पड़े हैं जिसमें छात्रावास के वार्डन का निवास, रसोईघर व डाइनिंग हॉल का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। बांउडरी वॉल तथा कॉलेज का मेन गेट जिसके लिए एक करोड़, 36 लाख, तीन हज़ार रूपये हिमुडा के पास जमा किए गए थे,वह कार्य पूर्ण हो चुका है।

## स्थानान्तरण एवं रिक्तियां

महाविद्यालय में सत्र 2018–19 के दौरान प्राचार्य श्री शमशेर सिंह जून माह में सेवानिवृत हुए और उनके स्थान पर प्राचार्य, डॉ0 बलबीर सिंह ने जुलाई माह में पद ग्रहण किया।

महाविद्यालय में सत्र 2018–2019 के दौरान, प्राचार्य डॉ0 बलबीर सिंह सेवानिवृत हुए और उनके स्थान पर प्राचार्य, डॉ0 बिपन चंद राठौर ने फरवरी, 2019 में महाविद्यालय का कार्यभार संभाला।

प्रो0 उरसेम लता सह आचार्य, हिन्दी विभाग का स्थानांतरण रा.म.वि. कुल्लू के लिए हुआ और उनके स्थान पर प्रो0 रेवत राम पठानिया ने महाविद्यालय में पद ग्रहण किया।

प्रो0 राजेश कुमार सिंह, सह आचार्य, राजनीति विज्ञान का स्थानांतरण रा.म.वि. कुल्लू के लिए हुआ और उनके स्थान पर प्रो0 सुरेन्द्र सिंह ने महाविद्यालय में पद ग्रहण किया।

डॉ0 मान सिंह राणा, सहायक आचार्य वनस्पति विभाग का स्थानांतरण रा.म.वि. कुल्लू के लिए हुआ और उनके स्थान पर डॉ0 साक्षी ने महाविद्यालय में पद ग्रहण किया।

प्रो0 रोमेश चंद्र, सह आचार्य, भुगोल ने महाविद्यालय में पद ग्रहण किया।

प्रो0 मोनिका कुमारी, सहायक आचार्य जीव बिज्ञान विभाग का स्थानांतरण रा.म.वि. कुल्लू के लिए हुआ और उनके स्थान पर प्रो0 सरिता ने पद ग्रहण किया।

डॉ0 सोहन लाल, प्रवक्ता भौतिक बिज्ञान की महाविद्याल में नवीन नियुक्ति हुई।

श्री मोहन लाल, प्रयोगशाला परिचर की महाविद्याल में नवीन नियुक्ति हुई।

श्री चमन लाल, लिपिक, का स्थानान्तरण राजकीय उच्च विद्यालय शाट, ज़िला कुल्लू के लिए हुआ।

प्रो0 लीना वैद्य, सहायक आचार्य अंग्रेज़ी विभाग का स्थानांतरण रा.म.वि. कुल्लू के लिए हुआ।

महोदय, जहां तक रिक्तियों का सवाल है, उनमें कार्यालय अधीक्षक, और 3 लिपिक के पद अब भी रिक्त पड़े है। नए भवन को बने चार वर्षों से अधिक का समय हो चुका है परन्तु 'स्वीपर' के पद रिक्त पड़े है और पी.टी.ए. पर एक महिला कार्य कर रही है परन्तु इतने बड़े भवन के लिए एक सफाई कर्मचारी काफी नहीं है।

– महाविद्यालय में छात्रों की संख्या बढ़ती जा रही है और 'रूसा' के बाद लाइब्रेरी में विद्यार्थियों का आना जाना बहुत अधिक बढ़ गया है और पूरा कार्य एकमात्र पुस्तकालयाध्यक्ष के भरोसे चल रहा है। एक एसिस्टेंट लाइब्रेरियन, एक एटैंडेन्ट, एक रिस्ट्रोरर का पद रिक्त पड़ा है।

– विज्ञान संकाय में भी 1 जे.एल.ए., 3 लैब अटेंडेन्ट के पद रिक्त पड़े हैं। इसी तरह संगीत विभाग में लम्बे समय से तबला वादक नहीं है जिस कारण विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों को आयोजित करने में कठिनाई आ रही है।

अन्त में एक और महत्वपूर्ण ज़रूरत जो महसूस की जा रही है वह है–प्राध्यापकों की कमी। इस नई व्यवस्था में एक प्राध्यापक तीनों कक्षाओं को चला पाने में असमर्थ है। विशेषकर जिन विषयों में प्रेक्टिल है, इस कमी के चलते 'रूसा' के उद्धेश्यों को पूर्ण करना लगभग नामुमकिन है इस कारण विद्यार्थियों के साथ–साथ प्राध्यापकों को भी अत्याधिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

## अभिभावक–अध्यापक संघ :

अध्यापकों–छात्रों–अभिभावकों के बीच संवाद कायम करने के उद्देश्य से महाविद्यालय में 'पी.टी.ए.' का गठन भी प्रतिवर्ष किया जाता है। संघ न केवल महाविद्यालय प्रशासन के साथ विभिन्न विकासात्मक गतिविधियां में सहयोग करता है बल्कि साथ ही साथ अपने बहुमूल्य सुझावों द्वारा एक सौहार्दपूर्ण वातावरण का निर्माण भी करता है। सत्र 2017–18 के लिए गठित संघ का विवरण इस प्रकार है :–

प्रधान : श्री पुरन चंद
उपप्रधान : श्री सुरेश ठाकुर
सचिव : श्री कर्म सिंह
सह सचिव : श्री अमर नाथ ठाकुर
कोषाध्यक्ष : श्री देश राज
मुख्य सलाहकारः श्री अमर नाथ ठाकुर
सदस्य : सभी अध्यापक गण

पी.टी.ए. में एकत्रित कुल धनराशि 241700/–हुई। इसमें से विभिन्न विकासात्मक/सांस्कृतिक गतिविधियों व छात्रों के हितों से जुड़े अन्य कार्यों हेतु कुछ धनराशि व्यय की गई।

रूसा के अंतर्गत व्यय की गई धनराशि–

**Utilization status of 3rd installment of RUSA Grant**

महोदय, रूसा के अन्तर्गत विभिन्न विभागों पर खर्च की गई धनराशि है– 502456

| **S.No.** | **Items** | **Total Estimated Amount (in Rs)** | **Remarks** |
|---|---|---|---|
| **1** | Chairs , Tables | 223374/- | |
| **2** | Electrical Wiring in Teacher Cabins | 60,700/- | |
| **3** | CCTV | 218382/- | |
| | **Total** | **502456/-** | |

राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत किए गए कार्यों व व्यय की गई धन राशि के निरिक्षण हेतु तीन सदस्यों की समीति ने 15 सितम्बर, 2016 को महाविद्यालय का मुआयना किया। इस समीति में डॉ. सरोज जसवाल, OSD, Directorate of Higher Education, डॉ. एन. एल.शर्मा, प्राचार्य, रा.म.वि. कुल्लू और डॉ. सविता ठाकुर (प्र. हिन्दी), शामिल थे। समीति के सदस्य रूसा के अन्तर्गत किए गए कार्यों व खरीदे गए सामान की गुणवता से पूर्ण रूप से संतुष्ट थे। उन्होंने यह भी माना कि जो भी कार्य किया गया है, वह विद्यार्थियों व संस्थान के हित को ध्यान में रखते हुए किया गया है।

## पुस्तकालय :

यदि किसी असाधारण प्रतिभा वाले आदमी से हमारा सामना हो तो हमें उससे पूछना चाहिए कि वो कौन सी पुस्तकें पढ़ता है– इमर्सन

उपरोक्त उक्ति के अनुरूप समय–समय पर महत्वपूर्ण पुस्तकों को पुस्तकालय में शामिल किया जाता रहा है और इस बात का पूरा ध्यान रखा जाता है कि ऐसी पुस्तके जिनसे विद्यार्थियों की सोच–समझ व पठन् – पाठन में रूचि बढ़े, को शामिल किया जाए ताकि विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का अवसर मिल सके।

पुस्तकालय अधिकारी श्री उरज्ञान छेरिंग जी की कुशल देख–रेख में कॉलेज के पुस्तकालय का प्रयोग विद्यार्थी निरंतर करते देखे जाते हैं। विद्यार्थियों से निरंतर संपर्क बनाए जाते हैं और उनकी रूचि व आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए हिन्दी व अंग्रेज़ी की पत्रिकाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं जिसका विवरण नीचे दिया गया है–

1. हिमाचल व कुल्लू से सम्बन्धित पुरानी दुर्लभ व नवीनतम पुस्तकें लगभग –225
2. 28 फरवरी, 2019 तक कुल पुस्तकें–4013 इनमें से 1270 पुस्तकें उपहार एवं दान स्वरूप व 2743 पुस्तकें विभागीय धन से खरीदी गई।
3. सत्र के दौरान जुलाई, 2018 से 28 फरवरी, 2019 तक पुस्तकालय सदस्यों (विद्यार्थी एवं प्रध्यापकों) को कुल 511 पुस्तके निर्गम (issue) की गई।
4. सत्र के दौरान जून, 2018 से 28 फरवरी, 2019 कुल 7455 आगन्तुक पुस्तकालय में पुस्तकें निर्गम करने, पढ़ने व सन्दर्भ के लिए आये।

5. सत्र के दोरान 8 दैनिक समाचार पत्र जिनमें तीन अंग्रेज़ी (Hindu, Times of India और Tribune) पांच हिन्दी (1) अमर उजाला (2) दैनिक जागरण (3) पंजाब केसरी (4) दिव्य हिमाचल(5) दैनिक भास्कर पुस्तकालय में पढ़ने के लिए लगाये है।
6. महाविद्यालय में प्रध्यापकों और विद्यार्थियों की रूची व आवश्यकता को मध्यनजर रखते हुए कुल–

   29 जरनल/पत्रिकाएं/मैगज़ीन नियमित रूप से लगा रखी है जिन में 16 हिन्दी और 13 अंग्रेज़ी के हैं। व्यौरा :–

   1. कुरूक्षेत्र
   2. योजना (हिन्दी)
   3. आविष्कार
   4. विज्ञान प्रगति
   5. अहा! जिन्दगी
   6. पुस्तक वार्ता
   7. गृहशोभा
   8. कादम्बिनी
   9. प्रतियोगिता दर्पण
   10. हिम प्रतियोगिता संसार
   11. पर्यावरण चेतना
   12. गिरिराज
   13. भृगु तुंग
   14. हिमप्रस्थ
   15. चन्द्रताल
   16. सुमनसौरभ
   17. Seminar
   18. Economic & Pol.Weekly
   19. Business Today
   20. Employment News
   21. Invention Intelligent
   22. Frontline
   23. Health & nutrition
   24. Down to Earth
   25. Better Photography
   26. Better Interior
   27. Electronics for you
   28. University News
   29. Yojna E

7. निम्नलिखित 7 पत्रिकाएं जो हिन्दी व अंग्रेज़ी की महाविद्यालय पुस्तकालय के लिए दान स्वरूप मुफ्त आती हैं:
   1 NAAC News 2 हिमशिखर 3 हिमाचल स्टेट डिपार्टमेन्ट ऑफ लेंग्वेज़ आर्ट एण्ड क्लचर News Letter 4 Inflibnet News Letter 5 वन सन्देश 6 इतिहास दिवाकर 7 मोनाल।
8. सत्र 2018–19 के दौरानरूसा ग्राण्ट से 1,50,338/– रूपये की अग्रलिखित सामग्री पुस्तकालय के लिए खरीदी गई– 1 Sloping Periodical Display cum Storage Rack; 2 Six Scholar Cubicles and 3 Six Woodan Chairs
9. सत्र 2018–19 के लिए सर्वाधिक पुस्तके ग्रहण करने के लिए ममता, बी.ए. द्वितीय (चतुर्थ सत्र) रोल न0 1170390057 व सर्वश्रेष्ठ पुस्तकालय पाठक के लिए छात्राओं में भावना भारती, बी.ए. द्वितीय (चतुर्थ सत्र) और छात्रों में शुभम, बी.ए. द्वितीय (चतुर्थ सत्र) को चुना गया है।

## पत्रिका 'मनुधरा'

पठन–पाठन में रूचि बढ़ाने, लेखकीय प्रतिभा को उभारने के उद्देश्य से पत्रिका मनुधरा बहुत उपयोगी सिद्व हुई है। पिछले अंक इस बात के प्रमाण रहे हैं प्रयत्न रहा है कि पत्रिका में केवल मौलिक लेख छपें। संपादक मण्डल विशेष तौर पर इस बात के प्रति सजग रहता है। 12 साल के इस अन्तराल में इस बार पत्रिका का ग्यारहवां अंक प्रकाशित होगा जिसमें वर्ष 2018–19 अंक के लिए चयनित संपादक मंडल का ब्यौरा इस प्रकार है :–

मुख्य संपादकः प्रो0 अंजली कुमारी

| विषय | अध्यापक संपादक | छात्र संपादक |
|---|---|---|
| अंग्रेज़ी | प्रो0 अंजली कुमारी | रिशभ सोनी |
| हिन्दी | प्रो0 रेवत राम पठानिया | सपना देवी |
| पहाड़ी | डॉ0 ओम प्रकाश ठाकुर | पूजा ठाकुर |
| संस्कृत | प्रो0 जीत राम | अंशुमन उपाध्याय |
| योजना मंच | डॉ0 मनीष सूद | मोनार्क |
| विज्ञान | प्रो0 करम सिंह | साक्षी शर्मा |

## 'प्राचार्य का सम्बोधन'

जुलाई, 2018 को महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ0 बलबीर सिंह ने नए विद्यार्थियों का स्वागत किया और रूसा की जानकारी के अतिरिक्त वर्ष भर में होने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और विद्यार्थियों को पढ़ाई व अन्य गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रमाणन परिषद्
## "NAAC"

महोदय, 2006 में खुले इस महाविद्यालय की यह बड़ी उपलब्धि है कि मात्र 11 सालों के भीतर प्रशासन ने इस बार 18–19 सितम्बर,2017 को NAAC की टीम को आमन्त्रित किया था। टीम ने कॉलेज को 2.44 अंको के साथ बी ग्रेड प्रदान किया। उक्त ग्रेड पहली ही बार में इतने कम प्राध्यापकों व संसाधनों के होते हुए भी महाविद्यालय अर्जित करने में कामयाब रहा। हमारा प्रयत्न है कि हम सभी उन मापदण्डों को पूरा करने की दिशा में कार्य करेंगे ताकि अगली बार बेहतर ग्रेड की ओर बढ़ा जा सके।

## आपदा प्रबन्धन प्रकोष्ठ

4 अप्रैल, 2018 को डिज़ास्टर मेनेजमेन्ट सेल द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसके अर्न्तगत अग्नि सुरक्षा के तीन नियमों– 'Stop', 'Drop' & 'Roll' और भुकम्प सुरक्षा के नियमों–'Drop', 'Cover' & 'Hold' से छात्रों एवं प्राध्यापकों को अवगत करवाया गया।

**CEO-DDMA** के निर्देशानुसार 27 जून, 2018 को महाविद्यालय परिसर में एक दिवसीय स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसके अन्तर्गत ना केवल महाविद्यालय परिसर बल्कि आस–पास के रिहाशी इलाकों में लोगो को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया।

10 अक्तुबर, 2018 को महाविद्यालय परिसर में आपदा प्रबंधन दिवस पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने आपदा से बचाव के विभिन्न व्यावहारिक तरीकों के बारे में बताया। इसके साथ–साथ विद्यार्थियों ने विभाग के अधिकारियों से विभिन्न जानकारियां सवाल–जबाव के माध्यम से हासिल की।

## महिला प्रकोष्ठ एवं जेंडर चेम्पियन प्रकोष्ठ
### 'यौन उत्पीड़न, स्तन केंसर और व्यक्तिगत स्वच्छता पर वक्तव्य'

महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में 15 सितम्बर, 2018 को जेंडर चेम्पियन सेल और वूमन सेल की ओर से उपरोक्त लिखित विषय पर एक दिन की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ0 नीना लाल व डॉ0 देछेन वांगमो ने उपरोक्त विषय पर व्याख्यान दिए व छात्राओं को जागरूक रहने, मानसिकता में बदलाव लाने और नए ढंग की सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

– महाविद्यालय की विमेन सेल पिछले कुछ वर्षों से 'पर्सनल हाइज़ीन' के अतिरिक्त नारी सशक्तिकरण जैसे मुद्धों पर छात्राओं को जागरूक करने हेतु समय–समय पर कार्यक्रमों का आयोजन करती रही है। 8 मार्च, 2019 को 'विश्व महिला दिवस' पर महाविद्यालय में छात्राओं के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया जिसमें डॉ0 कविता कटोच व प्रो0 अंजली ने छात्राओं को महिला सशक्तिकरण से अवगत कराया और इस अवसर पर नोबेल पुरूस्कार विजेता मलाला युसुफज़ई के जीवन पर आधारित डॉक्युमेंटरी दिखाई गई व छात्राओं में व्यक्तिगत स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए महाविद्यालय की ओर से मुफ्त में सेनेटरी पेड्स वितरित किए गए।

## करियर गाइडैंस और कांउसलिंग प्रकोष्ठ :

महाविद्यालय के विद्यार्थियों को रोजगार से जोड़ने हेतु औपचारिक शिक्षा से रोजगार प्राप्त करने के अतिरिक्त कॉलेज की रोवर रेंजर्स टीम व राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों के लिए स्वयं रोजगार पैदा करने हेतु विभिन्न कार्यशालाएं पिछले दो सालों से चलाई जा रही है। इसके अतिरिक्त 23 जुलाई, 2018 को पंचम सत्र के विद्यार्थियों को जेनरिक इलेक्टिव विषय की संपूर्ण जानकारी देने हेतु कला संकाय के सभी प्राध्यापकों ने अपने अपने विषय से सम्बन्धित जानकारियां दी।

फरवरी, 2019 को प्राचार्य, बिपन चंद राठौर ने विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को Life Sciences के क्षेत्र में मौजूद विभिन्न विकल्पों से अवगत कराया। इसके अतिरिक्त प्राचार्य महोदय द्वारा कला संकाय के विद्यार्थियों को पर्यावरण विज्ञान व जैव विविधता से सम्बन्धित क्षेत्रों उपलब्ध विकल्पों की जानकारी दी।

मार्च, 2019 को बद्‌दी विश्वविद्‌यालय से आए प्रो0 मंजूर हक ने वाणिज्य व प्रबंधन के क्षेत्र में मौजूद व्यवसायिक संभावनाओं से रूबरू करवाया।

## 'फिल्म प्रदर्शन'

महाविद्यालय के विद्यार्थियों को समय–2 पर शिक्षाप्रद फिल्मों से भी अवगत करवाया जाता है और समय–2 पर उन फिल्मों का प्रदर्शन किया जाता है जो विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व निर्माण की दिशा में ज़रूरी होते हैं। इसी श्रृंखला में 6 अक्तुबर, 2018 को महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को फिल्म 'गांधी' दिखाई गई। 26 नवम्बर, 2018 को 'संविधान दिवस' मनाया गया जिसके अर्न्तगत सभी को 'Making of Constitution' नामक छायाचित्र दिखाया गया। इसके अतिरिक्त 'Drug Free India' और 'Period: End of Sentence' जैसे ज्ञानवर्धक छायाचित्र प्रदर्शित किए गए।

## 'शैक्षणिक यात्राएं'

विद्यार्थियों में लेखन व शोध के प्रति रूचि जागृत करने हेतु समय–2 पर शैक्षणिक यात्राओं का आयोजन किया जाता है। इस संदर्भ मे 22 सितंम्बर, 2018 को वाणिज्य विभाग द्वारा एक औद्योगिक यात्रा का आयोजन किया गया। जिसके अर्न्तगत छात्र–छात्राओं को Brbee-Honey Lite Factory, बन्दरोल की कार्य पद्धति के विषय में जानकारी दी गई।

इस वर्ष 8 अक्तुबर, 2018 को वनस्पति विभाग द्वारा प्रथम वर्ष के छात्र–छात्राओं को वृक्षों की विभिन्न प्रजातियों के विषय में व्यावहारिक ज्ञान देने हेतु सोयल और उसके नज़दीकी जंगलों में ले जाया गया।

महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र के दौरान छठे सत्र के विद्यार्थियों को भूगोल विषय से सम्बन्धित भौतिक, सांस्कृतिक और आर्थिक तथ्यों की भौगोलिक जानकारी दी गई एवं क्षेत्रिय सर्वेक्षण का कार्य करवाया गया।

## 'विश्व योग दिवस'

21 जून, 2018 को महाविद्यालय परिसर में योग प्रचारक श्री विनोद शर्मा के संसर्ग में प्राध्यापकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों ने योग के विविध पहलुओं पर योग प्रशिक्षक से जानकारियां प्राप्त की और विभिन्न योगिक क्रियाओं को सीखा।

## 'स्वतन्त्रता दिवस'

हर वर्ष की भांति इस साल भी महाविद्यालय में स्वतन्त्रता दिवस पर ध्वजारोहण के साथ–साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें रंगोली, पेटिंग, डिबेट, डेकलेमेशन, क्ले मॉडलिंग, क्विज़ व फोटोग्रॉफी विद्यार्थियों के आकर्षण का केन्द्र रहा।

## 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस'

25 जनवरी, 2019 को महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों को मतदान सम्बन्धी जिम्मेदारी से अवगत कराते हुए मतदान के महत्व पर और लोकतन्त्र के लिए मतदान की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

## 'विज्ञान दिवस'

28 फरवरी, 2018 को श्री कर्म सिंह की देख–रेख में महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में प्राचार्य की अध्यक्षता में विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य, श्री बिपन चंद राठौर ने 'Science for People and People for Science' विषय पर वक्तव्य प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त Quiz व Daclamation का सफल आयोजन किया गया जिसमें छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## अर्न्तराष्ट्रीय महिला विज्ञान दिवस

11 फरवरी, 2019 को जीव विज्ञान और वनस्पति विज्ञान के छात्रों द्वारा "International Day of Women and Girls in Science" मनाया गया। इस अवसर पर माननीय प्राचार्य श्री बिपन चंद राठौर ने छात्रों को महिलाओं की विज्ञान में उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी।

## 'कीडा दिवस'

प्रो0 जीत राम की देख–रेख में व अन्य प्राध्यापको के सहयोग से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महाविद्यालय परिसर में 'क्रीड़ा दिवस' का आयोजन किया गया। जिसमें 8 दिसम्बर, 2018 को वॉलीवॉल, कबड्डी, गोलाफेंक, चक्का फेंक, लम्बी कूद, ट्रिपल जम्प, 100 मी. दौड़ और 200 मी. जैसी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया और पुरस्कार अर्जित किए।

## ‘रेड रिबन क्लब’

राजकीय महाविद्यालय हरिपुर में रेड रिबन क्लब पिछले तीन सालों से सक्रिय है। 29 अगस्त, 2018 को रेड रिबन क्लब द्वारा ‘अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस’ मनाया गया जिसके अन्तर्गत ‘Safe Space for Youth’ विषय पर डॉ0 पलजोर ने अपना वकतव्य प्रस्तुत किया और छात्र–छात्राओं ने रैली निकाल कर लोगों को HIV के विषय में जागरूक किया।

क्लब ने पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 दिसम्बर, 2019 को ‘एड्स जागरूकता’ को ध्यान में रखते हुए ‘Know Your Status’ विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, नारा लेखन, रैली व नुक्कड़ नाटक के अतिरिक्त भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों व प्राध्यापकों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया।

## ‘इको क्लब’

‘इको क्लब’ के द्वारा दिनांक 26 फरवरी, 2019 को ‘‘जैव विविधता’’ पर महाविद्यालय के प्राचार्य की उपस्थिति में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। इस दिवस पर महोदय ने हिमाचल प्रदेश में ‘‘जैव विविधता’’ पर अपने विचार रखे और पॉवर प्वांइट प्रस्तुति के माध्यम से विभिन्न प्रकार के पौधों तथा दुर्लभ जीवों को छात्रों को दिखाया गया। इस संपूर्ण सत्र में छात्रों ने अपने प्रश्नों को प्राचार्य महोदय से सांझा किया।

## युवा उत्सव :

हि.प्र.वि.वि. द्वारा आयोजित इन प्रतियोगिताओं में भी महाविद्यालय के विद्यार्थी प्रतिवर्ष भाग लेते रहे हैं। इस बार समूह 1, समूह 3 और समूह 4 की टीमों ने महाविद्यालय की ओर से रा.म.वि. कोटशेरा, नेरवा और सीमा में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। महाविद्यालय की छात्रा कुसुम ने समूह 1 में रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया और राष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व भी किया।

## सेमिनार एवं कार्यशाला

संगीत विभाग द्वारा 4 अगस्त, 2018 को लोक गीत विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने अपने वकतव्य प्रस्तुत किए तथा लोक गीतों से सम्बन्धित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

अंग्रेज़ी विभाग द्वारा 8 सितम्बर, 2018 को Leo Tolstoy की जंयती के उपलक्ष्य पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने अपने साहित्यक वक्तव्यों के माध्यम से Leo Tolstoy को श्रद्धांजलि दी।

अंग्रेज़ी विभाग द्वारा 22 सितम्बर, 2018 को ‘‘नेहरू युवा केन्द्र’’ के साथ महाविद्यालय में ‘‘राष्ट्र निर्माण’’ और ‘‘राष्ट्र भक्ति’’ नामक विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय प्राचार्य, डॉ0 बलबीर सिंह और प्रो0 कर्म सिंह ने शिरक्त की। इस प्रतियोगिता की प्रथम विजेता भावना बी0ए0 प्रथम वर्ष की छात्रा का ज़िला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ।

गणित विभाग द्वारा 22 सितम्बर, 2018 को 'Contribution of India to Mathematics' नामक विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया।

भौतिक विभाग द्वारा 18 सितम्बर, 2018 को 'Space and Geostationary Satelite' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें छात्र–छात्राओं ने अपने विचार रखे।

लोक प्रशासन विभाग द्वारा 'Citizen Charter' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के लोक प्रशासन व इतिहास विभाग के छात्र–छात्राओं के एक प्रतिनिधि मण्डल ने ज़िलाधीश महोदय से मिलकर प्रशासनिक गतिविधियों को करीब से समझा और उनकी कार्यशैली व बेहतर गर्वनेंस की खूबियों को बारीकी से देखा।

महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग ने 29 सितम्बर, 2018 को डॉ0 ओम प्रकाश ठाकुर की अध्यक्षता में "Surgical Strike Day" मनाया।

15 अक्तुबर, 2018 को राजनीति विज्ञान विभाग ने "Issues in Contemporary Political Theory" पर सेमिनार का आयोजन किया।

7 फरवरी, 2019 को राजनीति विज्ञान विभाग ने प्राचार्य की अध्यक्षता में (Globalisation and Social Media) विषय पर सेमिनार का आयोजन किया।

## 'थियेटर कार्यशाला'

रंगमंच की बारीकियों के बारे में महाविद्यालय के रंगकर्मी विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने हेतु पिछले कई वर्षों से रंगमंच सम्बन्धी कार्यशालाओं का आयोजन महाविद्यालय पी.टी.ए के सहयोग से करता रहा है जिसके सकारात्मक परिणाम आते रहे हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष भी नरेन्द्र वर्मा, रंगकर्मी के निर्देशन में 7 दिवसीय आवासीय थियेटर कार्यशाला का आयोजन अक्तुबर माह में प्रो0 ज्योति चरन और प्रो0 लीना वैद्य की देख–रेख में किया गया। जिसमें एक नाटक, मूक अभिनय व हास्य नाटिका के माध्यम से अभिनय, रंगमंचीय साज सज्जा, मेकअप व रंगमंचीय संकेतो की विस्तृत जानकारी दी गई।

## रोवर्स एवं रेंजर्स

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में मई, 2015 में प्राचार्य डॉ.पी.पी. कायस्था जी के प्रयासों से रोवर्स रेंजर्स की पहली इकाई तैयार की गई। जब से यह ईकाई इस कॉलेज में बनी है तभी से इसके रोवर्ज़ व रेंजर्ज दिन प्रतिदिन अपने ही कार्यों के द्वारा अपने लिए एक नई चुनौती तैयार कर उसे पूरी लगन से पूरा कर रहें हैं। इनके द्वारा इस वर्ष किये गए कार्यों की समीक्षा निम्नलिखित है :–

**19 से 27 जनवरी, 2018**– हरिपुर महाविद्यालय से दो रेंजर्स एवं एक रोवर का राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड के लिए शिमला में चयन हुआ व भाग लिया।

**22 जुलाई, 2018**– रोवर्स एण्ड रेंजर्स युनिट ने सम्पूर्ण कॉलेज की सफाई अभियान में हिस्सा लिया।

**11 से 30 जुलाई, 2018 –** 15 दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण में कॉलेज की तीन रेंजर्स जनिता, हेमलता एवं लक्ष्मी ने भाग लेकर स्कॉउटिंग के एम्बुलेंस बैज को प्राप्त किया। इस साल यह बैज पूरे प्रदेश में केवल हरिपुर कॉलेज ने ही प्राप्त किया है।

**23 से 29 जुलाई, 2018–** महाविद्यालय की रोवर्स एवं रेंजर्स युनिट ने सात दिवसीय ज़िला स्तरीय हैण्डीक्राफ्ट कार्यशाला ''कबाड़ से जुगाड़'' का आयोजन DRDA के सहयोग से कुल्लू के खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में किया।

**30 जुलाई, 2018 – प्रोजेक्ट समर्थ–** III : War Against Drugs का आरम्भ किया। जिसमें रीजनल हॉस्पीटल कुल्लू में डॉ0 सत्यव्रत वैद्य के साथ उन युवाओं को जो चिट्टे जैसे नशे की गिरफ्त में है को व्यस्त रखने के लिए हैंडिक्राफ्ट की कार्यशाला का आयोजन प्रत्येक रविवार को किया गया है।

**1 अगस्त, 2018 – "World Scarf Day"** का आयोजन किया गया।

**7 से 9 अगस्त, 2018–** महाविद्यालय के प्रांगण में युनिट ने तीन दिवसीय प्रवेश कैम्प का आयोजन किया।

**9 अगस्त, 2018–** महाविद्यालय की रोवर्स एवं रेंजर्स युनिट ने मानसिक स्वास्थ्य एवं मादक पदार्थों के सेवन पर एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन करवाया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में रिजनल हॉस्पीटल कुल्लू से डॉ0 सत्यव्रत वैद्य ने युवाओं को इसके भयानक परिणाम की जानकारी दी।

**6 से 12 सितम्बर, 2018–** महाविद्यालय की रोवर्स एवं रेंजर्स युनिट के चार रोवर्स ने हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए उतरप्रदेश के हरदोई में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय हैंडीक्राफ्ट वर्कशॉप में भाग लिया।

**21 सितम्बर, 2018–** महाविद्यालय में 'विश्व शांति दिवस' मनाया गया।

**9 से 12 अक्तुबर, 2018–** BDO कुल्लू की तरफ से आयोजित चार दिवसीय हैंडीक्राफ्ट वर्कशॉप में महाविद्यालय की ओर से एक रोवर और एक रेंजर ने भाग लिया और प्रथम स्थान प्राप्त किया। हमारे महाविद्यालय की छात्रा लक्ष्मी का चयन "World Scout Foundation" द्वारा Investors Gathering , Korea के लिए हुआ।

महाविद्यालय की रोवर्स एवं रेंजर्स युनिट पिछले साल की भांति इस साल भी राज्य स्तरीय रोवर्स एवं रेंजर्स मूट में ऑवरऑल विजेता रही।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई प्रो0 कृष्णा शर्मा के दिशा निर्देश में कार्य कर रही है। इस वर्ष भी 40 छात्र–छात्राएं इस ईकाई में पंजीकृत हुए और इकाई ने सत्र के दौरान निम्नलिखित गतिविधियां की।

**स्वच्छता पखवाड़ा :** (1–15 अगस्त, 2018) के अन्तर्गत महाविद्यालय परिसर, स्कूल के बाहर व आसपास के चार गाँवों में नालियों, सड़कों व मंदिरों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसका विस्तृत ब्यौरा इस प्रकार है:

1 अगस्त– प्राचार्य डॉ0 बलबीर सिंह के द्वारा छात्रों को स्वच्छता शपथ दिलवाई गई।
2 अगस्त– महाविद्यालय की इमारत की सफाई।
3 अगस्त– सेमिनार हॉल, विज्ञान संकाय की प्रयोगशाला की सफाई।

4 अगस्त– विद्यार्थियों के लिए पार्किंग का निर्माण।
5 अगस्त– ऑपन थियेटर की साफ–सफाई व सौंन्दर्यीकरण।
7 से 9 अगस्त– महाविद्यालय की इमारत के पिछवाड़े की साफ–सफाई व एनएसएस वाटिका का निर्माण।
10 से 12 अगस्त– स्वयंसेवियों द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली।
13 अगस्त– कॉलेज कैंपस में काटी गई झाड़ियों को जलाकर साफ किया।
14 अगस्त– नारालेखन प्रतियोगिता का आयोजन।
15 अगस्त– सवतन्त्रता दिवस मनाया गया।

**अक्तुबर,** 2018 – अक्तुबर माह के अन्त में गोद लिए गए गांव हरिपुर में एनएसएस स्वयंसेवियों ने गांव के प्रधान व महिला मण्डल से विचार विमर्श करने के पश्चात् हरिपुर नाले और हरिपुर नाले के साथ Dumping Site की साफ–सफाई की।

13 से 17 दिसम्बर, 2018– सरकारी आदेश के अनुसार 13 से 17 दिसम्बर तक महाविद्यालय में NSS State Mega Camp का आयोजन किया गया। इस कैम्प में 30 महाविद्यालयों के 144 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के संचालन के लिए हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने 8 कार्यक्रम प्रभारियों को राज्य स्तरीय Mega Camp के लिए नियुक्त किया गया।
5 दिनों तक चलने वाले इस शिविर में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वयंसेवियों में नेतृत्व क्षमता, शारीरिक विकास, व्यक्तित्व विकास एवं नैतिक मूल्यों पर बल दिया गया। सभी स्वयंसेवी प्रातः 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक अपनी तय दिनचर्या का निर्वहन करते हुए लाभान्वित हुए।
शिविर के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जैसे नशा निवारण, पोस्टर मेकिंग, स्वच्छता आभियान पर नारा लेखन, महिला सशक्तिकरण पर कॉलाज, एकल गायन, एकल नृत्य एवं अभिनय से सम्बन्धित प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसी कैम्प के दौरान रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 40 स्वयंसेवियों ने रक्तदान किया।

1 से 6 जनवरी, 2019– हमारे महाविद्यालय के 26 स्वयंसेवियों ने राष्ट्रीय शरदोत्सव मनाली में सेवाएं देकर समाज के लिए एक नई मिसाल कायम की।

12 से 18 फरवरी, 2019– महाविद्यालय के दो स्वयंसेवियों ने मण्डी में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

13 फरवरी, 2019– Lale Meme Foundation के द्वारा कुल्लू देवसदन में आयोजित शिविर में महाविद्यालय के 15 स्वयंसेवियों ने रक्तदान किया।

**वार्षिक शिविरः** एन.एस.एस. का वार्षिक शिविर 5 से 11 मार्च के बीच लगाया गया। इस वार्षिक शिविर में दो सत्र चलाए गए जिसमें विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वयंसेवियों में

नेतृत्व क्षमता, शारीरिक विकास, व्यक्तित्व विकास, प्रराथभावना, कार्यसंस्कृति और नैतिक विकास को सुद्धृढ़ करने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक एवं बौद्धिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। सात दिवसीय शिविर में एडवोकेट वर्षा ठाकुर ने अपने वकतव्य के माध्यम से महिला सशक्तिकरण पर बल दिया। शिविर के दौरान आये स्त्रोतविद् श्री धर्मचन्द ठाकुर (NSS Programme Officer) ने Volunteership पर अपने विचार सांझा किए। इसी कड़ी में मनीष कात्यान ने कला मंच से जुड़े अपने अनुभवों से स्वयंसेवियों को लाभान्वित किया। कैम्प के दौरान इसी महाविद्यालय के प्रो0 सुरेन्द्र ने एनएसएस स्वयंसेवियों को नेतृत्व से सम्बन्धित वक्तव्य के द्वारा प्रेरित किया। वार्षिक शिविर के समापन समारोह में स्थानीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 बिपन चन्द राठौर ने एनएसएस के माध्यम से स्वयंसेवियों को समाज सेवा में अपना योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।

एनएसएस की कुछ विशेष उपलब्धियां –

1 महाविद्यालय के दो स्वयंसेवियों टीना और मुनीष का चयन पूर्व गणतंत्र दिवस परेड के लिए राजस्थान के लिए हुआ।

2 महाविद्यालय के दो स्वयंसेवियों सुमित व सिमरन ने 12 फरवरी से 18 फरवरी तक मण्डी में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में भाग लिया जिसमें लोक नृत्य, रंगोली और नाटक में तृतीय व ड्रिल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

3 महाविद्यालय के चार स्वयंसेवी कविता, शिवानी, जयराज और सुमित का चयन NIC (National Intigration Camp) भोपाल के लिए हुआ।

4 8 मार्च, 2019 को महाविद्यालय की छात्रा सिमरन को राष्ट्रीय स्तरीय शरदोत्सव के दौरान उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुरस्कृत किया गया।

## प्राध्यापकों की उपलब्धियां

## डॉ0 कविता कटोच (संगीत विभाग)

डॉ0 कविता कटोच ने 18 जून, 2018 से 7 जुलाई, 2018 तक हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला द्वारा आयोजित 21 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया।

## प्रो.ज्योति चरन (इतिहास विभाग)

–इतिहास विभाग के प्राध्यापक प्रो0 ज्योतिचरन को वर्ल्ड स्काउट ब्युरो द्वारा 20 अक्तुबर, 2018 को 'Asia Pacific Messenger of Peace Hero Award' 2018 से फिलिपींस की राजधानी मनीला में सम्मानित किया गया।

– 16 नवम्बर, 2018 को माननीय मुख्यमंत्री श्री जय राम ठाकुर एवं भारत स्काउट एण्ड गाइड हिमाचल प्रदेश ने प्रो0 ज्योति चरन को प्रोजेक्ट समर्थ 2 के लिए सम्मानित किया।

– इस वर्ष की एक और बड़ी उपलब्धि इनके नाम यह रही कि इन्हें भारत स्काउट एण्ड गाइड हिमाचल प्रदेश ने सम्पूर्ण प्रदेश के रोवर्ज़ स्काउटिंग के लिए Assistant State Organising Commissinor बनाया।

## प्रो0 जीत राम (संस्कृत विभाग)

– प्रो0 जीत राम ने 11 दिसम्बर, 2018 से 7 जनवरी, 2019 तक पंजाब विश्वविद्यालय चण्डीगढ़ द्वारा आयोजित 28 दिवसीय ओरियेन्टेशन प्रोग्राम में भाग लिया।

## प्रो0 सरिता (जीव विज्ञान विभाग)

– प्रो0 सरिता ने 14 और 15 दिसम्बर, 2018 को रा.म.वि. कुल्लू द्वारा आयोजित दो दिवसीय "National Confrence on Role of Science and Technology in Disaster Management" में भाग लिया।

## प्रो0 सुरेन्द्र सिंह (राजनीति विज्ञान विभाग)

– प्रो0 सुरेन्द्र सिंह का शोध पत्र (India as Emerging Power) का प्रकाशन "Indias Foreign Policy" में हुआ। इस पुस्तक को भारतीय राजदूत महेश सचदेव के द्वारा प्रस्तावित किया गया है।

## प्रो0 देछेन छोमो(वाणिज्य विभाग)

–प्रो0 देछेन छोमो ने 25 जून, 2018 से 7 जुलाई, 2018 तक 14 दिवसीय Induction Training Programme, Govt. College of Teacher Education, Dharamshala में भाग लिया।

## डॉ0 सोहन लाल (भौतिक विभाग)

– डॉ0 सोहन लाल को 29 अक्तूबर, 2018 को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंण्डी द्वारा PHD की उपाधि से नवाज़ा गया। और इनका एक शोध पत्र "European Physical Journal B" और दो शोध पत्र "AIP Conference Proceeding and Journal" में प्रकाशित हुआ।

**महाविद्यालय के प्रो0 कर्म सिंह, डॉ0 ओम प्रकाश ठाकुर, डॉ0 कविता कटोच, प्रो0 ज्योति चरन, प्रो0 कृष्णा शर्मा, डॉ0 साक्षी, प्रो0 सरिता और प्रो0 अंजली ने जून, 2018 में HIPA द्वारा आयोजित विभागीय परीक्षा उतीर्ण की।**

**धन्यवाद ज्ञापन**

मैं समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से माननीय मुख्य अतिथि महोदय का आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने व्यस्तताओं के वाबजूद हमारे इस वार्षिक उत्सव पर पधार कर हमारा उत्साह वर्धन किया। महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों केन्द्रीय छात्र परिषद् के सभी सदस्यों, कर्मचारी वर्ग और समस्त छात्र–छात्राओं का धन्यवाद करना चाहूंगा जिन्होंने इस समारोह को सफल बनाने के लिए अपना सहयोग दिया।

अध्यापक–अभिभावक संघ के प्रधान व समस्त कार्यकारिणी का भी मैं धन्यवाद करता हूं जिन्होंने महाविद्यालय के विकास कार्यों में सक्रिय सहयोग दिया है।

मैं उन सभी प्रतिभाशाली छात्र व छात्राओं को बधाई देता हूं जिन्हें आज पुरस्कार प्राप्त करने का अवसर मिला है। अन्त में मैं एक बार फिर मुख्य अतिथि महोदय डॉ0 प्रमोद चौहान जी का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने हमारे निमन्त्रण को स्वीकार कर संस्था में पधारने की कृपा की।

धन्यवाद।